भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.10.2023

आरेडिका के महाप्रबंधक ने माँ दुर्गा के दरबार में लगाई हाजरी

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के आवासीय परिसर में दिनांक 15.10.2023 से 24.10.2023 तक नवरातों के अवसर पर दुर्गा पूजा का उत्सव बड़ी धूम–धाम से मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताओं जैसे–ढांक बंगाली नृत्य, रंगोली, पेंटिग, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता बाल नृत्य, महिला नृत्य का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया एक ओर किसी ने नृत्य कला के माध्यम से दर्शकों को मोहित किया वहीं दूसरी ओर रंगोली एवं पेंटिग में भी बच्चों ने अपनी कल्पनाओं में रंग भर कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महाप्रबंधक श्री पीके मिश्रा ने माँ भगवती के नौ रूपों की पूजा की एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

श्री मिश्रा ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजनों से समाज के लोगों को एक दूसरे की संस्कृतियों को समझने और सम्मान करने का अवसर प्राप्त होता है भारत विविधताओं से भरा देश है। यहाँ सभी उत्सव बड़ी धूम–धाम से मनाये जाते हैं। आरेडिका में कई राज्यों के लोग निवास करते हैं तथा उनके सभी उत्सव भी मनाए जाते हैं जिसमें सभी लोग सहभागिता करते हैं। आरेडिका के कॉलोनी में सम्पूर्ण देश के दर्शन हो जाते हैं। यही इस देश की अनेकता में एकता की निशानी है।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

18.10.2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी